an>

Title: Need to extend metro line from Greater Noida to Bulandsahar in Uttar Pradesh.

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर): महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, मैं इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूँ।…(व्यवधान)

महोदया, मैं अपने संसदीय क्षेत्र के विकास का मुद्दा उठाने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मेरा क्षेत्र बुलंदशहर दिल्ली से मात्र 70 किलोमीटर की दूरी पर है और मेरा क्षेत्र एनसीआर में आता है, लेकिन विकास के मामले में एनसीआर की कोई सुविधा वहाँ पर नहीं है। वहाँ न तो कोई अच्छा विश्वविद्यालय है और न ही वहाँ स्वास्थ्य की कोई अच्छी सुविधा है। मेरे क्षेत्र के लिए ट्रेन की भी कोई व्यवस्था नहीं है।…(व्यवधान) मेरे यहाँ के लिए कोई ट्रेन नहीं जाती है। मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहूँगा कि हमारे यहाँ के लिए एक रेल लाइन का सर्वे हुआ है, वह सर्वे पूर्ण किया जाए। ग्रेटर नोएडा के परी चौक से मेरे क्षेत्र की दूरी मात्र 35 किलोमीटर है। परी चौक तक मेट्रो जा चुकी है।…(व्यवधान)

मैं सरकार से माँग करता हूँ कि मेट्रो का विस्तार मेरे क्षेत्र तक किया जाए। मेरे क्षेत्र में एक डिबाई स्टेशन पड़ता है, पहले वहाँ दादर एवं महाकाल ट्रेन का स्टॉपेज था। वहाँ इन ट्रेनों का स्टॉपेज देने की कृपा करें। बहुत-बहुत धन्यवाद। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री भोला सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

डॉ. शशि थरूर (तिरुवनन्तपुरम): महोदया, कोरम नहीं है, इसलिए हम जा रहे हैं।…(व्यवधान)

<u>12 39 hrs</u>

At this stage Shri Mallikarjun Kharge and some other hon. Members

left the House.